# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–30 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में बैठक कर वहां प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' से जुड़ी प्रस्तुति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संस्कृति विभाग को संग्रहालय के तेजी से निर्माण का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना के अदम्य साहस और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री क्षमताओं का एक जीवंत प्रतीक बनेगा।

**********

उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक ने आज गोरखपुर के सर्किट हाउस में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने सेवाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया और कहा कि अधिकारी दूर–दराज के गांवों के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा और सीएमओ डॉ राजेश झा सहित उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने जनहित से जुड़े कई अहम प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

**********

उपराष्ट्रपति सीपी राधा कृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। वह बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे। वह सिगरा स्थित नाटकोटाई धर्मशाला का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

**********

बारिश के बीच अयोध्या की ऐतिहासिक चौदह कोसी परिक्रमा जारी है। यह कल सुबह तक चलेगी। एक रिपोर्ट–

***अयोध्या में इस वक्त अक्षय नवमी के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। लगातार बारिश के बावजूद चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। कोई सिर पर पन्नी, कोई चादर तो कोई शाल डालकर नंगे पांव कीचड़ भरे रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। रामनगरी की गलियों से लेकर सरयू तट तक हर ओर "जय श्रीराम" के जयघोष गूंज रहे हैं। संतों की टोलियां भजनों से श्रद्धालुओं को ऊर्जा दे रही हैं, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्ति में लीन हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********

कुशीनगर में इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन दो हजार चौबीस–पचीस का आज समापन हो गया। समापन समारोह में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और इन–स्पेस के चेयरमैन डॉ पवन गोयनका शामिल हुए। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि तमकुहीराज क्षेत्र के नारायणी नदी के किनारे चली चार दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर की सत्तर टीमों ने प्रतिभाग किया। मुम्बई की टीम इस प्रतियोगिता की विजेता रही, जबकि गुजरात के द्वारिका की टीम उप विजेता बनी।

**********

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि सरदार एट द रेट वन फिफ्टी एकता मार्च केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को जगाने वाला एक जन आंदोलन है। महराजगंज स्थित अपने आवास पर आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बातें कहीं। आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह आने वाले महीनों में देश के युवाओं को एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ेगा।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। परिधान और जूता क्षेत्र में नई जीएसटी दरों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने परिधान और फुटवियर क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। इन सुधारों का उद्देश्य युवा निर्माताओं पर बोझ कम करना, उत्पादन को अधिक लागत प्रभावी बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण रेडीमेड कपड़े और फुटवियर उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो। नए का ढांचे के तहत रेडीमेड परिधानों पर दो हजार पांच सौ रूपये तक के लिए जीएसटी हटाकर 5ः कर दिया गया है। इस सुधार ने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू मांग को बढ़ावा दिया है। इसी प्रकार मानव निर्मित धागों पर कर की दर 12ः से घटकर 5ः कर दी गई है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हुई है। इसके अलावा 2500 तक के फुटवियर पर 12ः के बजाय केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसे स्टाइलिश फुटवियर युवा और मध्यम आय वाले उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो गए हैं। इशानी और दृष्टि के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

छप्पन वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव – इफ्फी दो हजार पचीस का आयोजन बीस से अट्ठाइस नवंबर दो हजार पचीस तक गोवा के पणजी में किया जाएगा। इफ्फी के लिए मीडियाकर्मियों के पंजीकरण शुरू हो गए हैं। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सभी इच्छुक मीडिया पेशेवर पीआईबी पोर्टल के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधि के रूप में इसके लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में रुक–रुक कर मद्धम से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी संभाग में आज और कल कहीं–कहीं भारी वर्षा और बिजली गिरने की भी आशंका है। विभाग द्वारा अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से छह डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना जताई गई है। वहीं अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भी तीन से पांच डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना व्यक्त की गई है।

**********